# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

**(मानद सम विश्वविद्यालय)**

**एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में कुल 02 लिफ्ट (कोन एवं जॉनसन) के वार्षिक रखरखाव एवं 01 लिफ्ट में बैटरी सहित ए. आर. डी. 7.5 हॉर्स पॉवर उपलब्ध कराने एवं लगाने हेतु निविदा दस्तावेज- सह प्रपत्र**

**(अ) पात्रता मापदण्ड:**

बोली लगाने वाली एजेंसियों को योग्य घोषित होने के लिए तकनीकी बोली के साथ **संलग्नक 'अ'** में दिए गए प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की विधिवत हस्ताक्षरित/ स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करना आवश्यक है :-

1. बोलीकर्ता का नाम, पूरा पता, फोन नंबर , ईमेल, वेबसाइट आदि
2. बोलीकर्ता की स्थिति, यथा - पब्लिक लिमिटेड/ प्राइवेट लिमिटेड/ भागीदारी या एकल स्वामित्व फर्म (निगमन प्रमाणपत्र संलग्न करें)
3. ईएमडी से छूट हेतु **संलग्नक 'बी'** में दिए गए प्रपत्र में बोली सुरक्षा घोषणापत्र ।
4. सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम (अद्यतन जी. एस. टी. रिटर्न की प्रति के साथ पंजीकरण संलग्न करें)
5. आयकर अधिनियम ( पैन कार्ड की प्रति संलग्न करें)
6. कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952, यदि लागू हों (ईपीएफ प्रेषण के साथ एक नवीनतम ऑनलाइन ईसीआर की प्रति संलग्न करें)
7. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, यदि लागू हों (ईएसआई प्रेषण के एक अद्यतन चालान की प्रति संलग्न करें)
8. 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए पिछले 3 वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार अनुमानित लागत का न्यूनतम 30% होना चाहिए (निविदा के **संलग्नक - सी** में निर्धारित प्रारूप में किसी चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा जारी "कारोबार प्रमाण पत्र" के साथ आयकर रिटर्न और प्रासंगिक वर्षों की बैलेंस शीट संलग्न करें)
9. सरकारी विभाग/ अन्य संगठनों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ शैक्षणिक संस्थानों में पिछले 7 वर्षों (अगस्त 2021 तक) के दौरान लिफ्ट के वार्षिक रखरखाव जैसे समान प्रकृति के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने का निम्नलिखित में से कोई अनुभव :-

(अ) समान प्रकृति के ऐसे तीन कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत कुल अनुमानित लागत के 40% से कम न हो।

(ब) समान प्रकृति के ऐसे दो कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत कुल अनुमानित लागत के 50% से कम न हो।

(स) समान प्रकृति का ऐसा एक कार्य, जिसकी लागत कुल अनुमानित लागत के 80% से कम न हो।

[उक्त कार्य आदेशों की प्रतियों के साथ संबंधित ठेका पूर्णता प्रमाणपत्र की प्रतियां भी संलग्न करें।]

**10.** बोलीकर्ता की ओर से रुपये 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पर इस आशय का शपथपत्र कि :

I. बोलीकर्ता फर्म/ फर्म स्वामी/ फर्म भागीदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है;

II. बोलीकर्ता ने पिछले तीन वर्षो के दौरान ई. पी. एफ., ई. एस. आई., जी. एस. टी., आयकर इत्यादि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई उल्लंघन नहीं किया है ;

III. बोलीकर्ता को न ही किसी भी सरकारी संगठन/ सार्वजनिक उपक्रम/ स्वायत्त निकाय/ शासकीय शैक्षणिक संस्थान द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान ब्लैकलिस्ट किया गया है और न ही पिछले तीन वर्षों के दौरान बोलीकर्ता के किसी भी ठेके को निर्धारित कार्य समाप्ति अवधि के पूर्व निरस्त किया गया है;

**(बी) <u>वित्तीय बोली</u>** -

I. वित्तीय बोली **संलग्नक 'डी'** में दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी।

II. केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय बोली निर्धारित तिथि और समय पर खोली जाएगी, जिसकी सूचना ऐसे बोलीकर्ताओं को अलग से दी जाएगी।

III. उद्धृत दरों में सभी कर शामिल होने चाहिए। अनुबंध की अवधि के दौरान अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा।

**(सी) <u>कार्य का दायरा</u>** -

**1.** रखरखाव अनुबंध अवधि के दौरान लिफ्ट को सेवायोग्य हालत में बनाये रखने के लिए मासिक रूप से मरम्मत करना और लिफ्टों के खराब होने पर उन्हें दुरुस्त करना।

2. लिफ्ट की उम्र, प्रकृति, प्रकार, स्थान और स्थिति के आधार पर आवश्यकतानुसार, जैसा कंपनी उचित समझे, नियमित अंतराल पर सर्विस करें और हम लिफ्ट को सुरक्षित और कार्यशील दशा में बनाये रखने के लिए सभी तरह की उचित देखभाल करेंगे।
3. जब भी आवश्यक हो, गियर और मोटर बेयरिंग को जॉनसन लुब्रिकेंट के साथ दोबारा भरें और लिफ्ट के सभी हिस्सों को यांत्रिक और विद्युत रूप से बेहतरीन कार्यशील दशा में बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार जाँच, सफाई की जाये एवं उन्हें लुब्रीकेटेड स्थिति में रखा जाए।
4. अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर, ठेकेदार लिफ्टों को कार्यशील दशा में सौंपेगा।
5. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि सभी शिकायतों पर एक कार्य दिवस के भीतर ही ध्यान दिया जाए और उनका निराकरण किया जाए। यदि ठेकेदार एक दिन के भीतर शिकायत का निराकरण करने में विफल रहता है, तो उस पर @ रु. 500/- प्रति कार्य दिवस प्रति लिफ्ट की दर से जुर्माना लगाया जाएगा और उसे ठेकेदार के अगले बिल से वसूल किया जाएगा।
6. यदि ठेकेदार एक सप्ताह के भीतर शिकायत के निराकरण में असफल रहता है तो संस्थान इस कार्य को बाहरी विक्रेता/फर्म से भुगतान के आधार पर कराने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसकी लागत पूरी तरह से ठेकेदार के आगामी बिल से काटी जाएगी।
7. ठेकेदार द्वारा सभी तरह की मरम्मत, प्रतिस्थापन एवं रखरखाव, निवारक जांच/सफाई आदि उक्त भवन/विभाग के प्रभारी को सम्यक सूचना देकर संपन्न की जायेगी तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात उनसे लिखित रिपोर्ट पर हस्ताक्षर प्राप्त करने होंगे, तथा उसे त्रैमासिक बिल (बिलों) के साथ प्रस्तुत करना होगा।
8. संस्थान श्रमिक मजदूरी, ई. एस. आई., ई. पी. एफ., वर्दी, बैज आदि के लिए किसी तरह की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं करेगा।
9. बोलीकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे संस्थान का दौरा करके इस निविदा प्रक्रिया के माध्यम से वार्षिक रखरखाव अनुबंध के तहत आने वाली लिफ्टों का निरीक्षण कर लें।

**(डी) <u>वर्तमान में परिसर में स्थापित लिफ्टों का विवरण :</u>**

एल. एन. आई. पी. ई. परिसर में स्थापित लिफ्टों का स्थान सहित विवरण निम्नवत है :

(i) <u>केन्द्रीय पुस्तकालय (जॉनसन) : कुल 1</u>

(ii) <u>प्रशासनिक भवन (कोन): कुल 1</u>

**(ई) निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया:**

**1.** निविदाओं को एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, जिसके ऊपर '**एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में कुल 02 लिफ्ट (कोन एवं जॉनसन) के वार्षिक रखरखाव एवं 01 लिफ्ट में बैटरी सहित ए. आर. डी. 7.5 हॉर्स पॉवर उपलब्ध कराने एवं लगाने हेतु निविदा**' लिखा हो, तथा इसे दिनांक 13.12.2021 को दोपहर 3:00 बजे तक उप कुलसचिव (संपदा) के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डालना होगा। निविदाओं को स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक द्वारा भी भेजा जा सकता है, जिनके लिफाफे पर उपर्युक्त विषय का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए और ऐसे मामलों में, यह बोली लगाने वाले का उत्तरदायित्व होगा कि वह डाक दिनांक 13.12.20221 को दोपहर 3:00 बजे तक संस्थान में पहुंच जाए।

**2.** मुख्य निविदा लिफाफे में निम्नलिखित दो सीलबंद लिफाफे होने चाहिए :-

**लिफाफा क्रमांक** 1 – **संलग्नक 'अ'** में दिए गए प्रारूप में **"तकनीकी बोली"** के साथ अन्य वांछित दस्तावेज और उपर्युक्त निर्धारित **संलग्नक 'बी'** और **'सी'** ;

**लिफाफा क्रमांक** 2 – **संलग्नक 'डी'** में दिए गए प्रारूप में **"मूल्य बोली"** प्रस्तुत करें, **जिसमें** दर / राशि को निर्धारित स्थान पर अंकों एवं शब्दों में लिखा जाना चाहिए।

**3.** तकनीकी बोली के सभी पृष्ठों पर विधिवत रूप से पेज संख्या लिखी होनी चाहिए तथा जहां आवश्यक हो, वहां पृष्ठ के नीचे की ओर बोलीकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए और मुहर लगायी जानी चाहिए।

**4.** मूल्य बोली भी उपर्युक्तानुसार हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

**5.** सशर्त बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

**6.** तकनीकी बोली खुलने से पहले किसी भी कारण से, संस्थान अपनी वेबसाइट के माध्यम से निविदा दस्तावेज में उपयुक्त संशोधन कर सकता है। इस बारे में अलग से किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

7. बोलीकर्ता को निविदा दस्तावेज में उल्लिखित शर्तों का पालन करना होगा और तदनुसार दोनों प्रारूपों (तकनीकी और मूल्य) के सभी कॉलमों को स्पष्ट रूप से भरना होगा। ऐसा न करने पर संस्थान बोली अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

8. अपूर्ण भरी हुई निविदाओं को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

9. तकनीकी बोली को विधिवत रूप से गठित निविदा समिति द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर बोलीकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, यदि हों, की उपस्थिति में खोला जाएगा।

10. केवल तकनीकी बोली में सफल रहे बोलीकर्ताओं की मूल्य बोलियां ही खोली जाएंगी, एवं ऐसी एजेंसियों को संस्थान की सुविधा के अनुसार टेलीफोन या पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा।

11. बोलीकर्ता यदि चाहें तो निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व कार्यस्थल का भ्रमण कर सकते हैं।

12. उन बोलीकर्ताओं के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा, जिनकी बोलियाँ उनकी तकनीकी बोली के आधार पर अस्वीकार की गयी हों।

**(एफ) अनुबंध की सामान्य शर्तें :**

1. अनुबंध प्रदान होने की तारीख से 12 महीने की अवधि के लिए मान्य होगा, जो कि ठेकेदार के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन संस्थान की संतुष्टि और संस्थान व ठेकेदार की आपसी सहमति के अनुसार, वार्षिक आधार पर 24 महीने की अधिकतम अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है, तथा जिसकी अनुबंध दर निवर्तमान अनुबंध दर की अधिकतम 5% ही बढ़ायी जा सकती है ।

2. संस्थान अनुबंध की अवधि के दौरान बिना कोई कारण बताए या ठेकेदार द्वारा खराब निष्पादन होने के मामले में किसी भी समय अनुबंध को तुरंत समाप्त करने का अधिकार रखता है।

3. यह निविदा आमंत्रण नोटिस अनुबंध दस्तावेज का एक हिस्सा बनेगा और सफल बोलीकर्ता पर बाध्यकारी होगा।

4. कार्य प्राप्त होने की सूचना मिलने के बाद सफल बोलीकर्ता 15 दिनों के भीतर, रुपये 100/- का एक गैर-न्यायिक स्टांपपत्र प्रस्तुत करेगा और वर्तमान निविदा की शर्तों और दशाओं पर कार्य करने हेतु संस्थान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा।

5. सफल बोलीकर्ता को कुलसचिव, एलएनआईपीई, ग्वालियर के नाम पर बैंक ड्राफ्ट या सावधि जमा के रूप में कुल अनुबंध मूल्य की 5% राशि निष्पादन सुरक्षा राशि के रूप में जमा

करनी होगी, जो न्यूनतम 15 माह तक वैध होनी चाहिए। अनुबंध अवधि या विस्तारित अवधि, यदि कोई हो, के सफल/संतोषजनक समापन पर ठेकेदार द्वारा लिखित अनुरोध करने पर उक्त निष्पादन गारंटी वापस कर दी जाएगी। ऐसे रिफंड पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

6. निविदाकर्ता दस्तावेज में दिए गए विभिन्न नियमों और शर्तों के अनुसार बोलीकर्ता अपनी दरों को उद्धरित करेगा। समस्त आवश्यक सामग्री और श्रमिक ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे ।

7. संस्थान के सक्षम प्राधिकारी निविदा के पूरे या किसी भी हिस्से को स्वीकार करने का अधिकार रखते हैं और ठेकेदार उद्धृत दरों पर ही निष्पादन हेतु बाध्य होंगे।

8. ठेकेदार को तिमाही आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिसके लिए उसे लिफ्टों की आवधिक मासिक निवारक जांच जैसे सभी आवश्यक दस्तावेजों, अंतिम प्रयोक्ताओं द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित एवं संबंधित भवन/विभाग के प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी संतोषजनक कार्य रिपोर्ट के साथ बिल को दो प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा।

9. उप-अनुबंध की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10. यदि ठेकेदार अनुबंध की अवधि के दौरान कार्य करने से इन्कार करता है या संस्थान की संतुष्टि के अनुसार अनुबंध कार्य करने में विफल रहता है, या अनुबंध के किसी भी नियम और शर्तों का उल्लंघन करता है, तो संस्थान के पास निष्पादन गारंटी जब्त करने और जैसा भी मामला हो, ठेकेदार को 1 (एक) महीने की लिखित सूचना देकर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार होगा। संस्थान को ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का भी अधिकार होगा।

11. अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी कानून/ विनियमन आदि के लागू होने के कारण ठेकेदार किसी भी मुआवजे का हकदार नहीं होगा। सामग्री या इस अनुबंध के किसी भी तत्व पर लगने वाले सभी कर ठेकेदार द्वारा देय होंगे और संस्थान इस संबंध में किसी तरह के दावे पर विचार नहीं करेगा। ठेकेदार की दरें ऐसे सभी करों को भरने योग्य होनी चाहिए।

12. संस्थान इस अनुबंध के तहत ठेकेदार को किए गए सभी भुगतानों से आईटी अधिनियम एवं समय-समय पर लागू अन्य कानूनों के प्रावधानों के अनुसार, स्रोत पर ही आयकर और अन्य देय करों की कटौती करेगा।

13. बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत दरें जी.एस.टी., यदि कोई हो, सहित होनी चाहिए और ठेकेदार अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी कानून/विनियमन आदि के अधिनियमित होने के

कारण किसी भी मुआवजे के हकदार नहीं होंगे। संस्थान इस संबंध में किसी भी तरह के दावे पर विचार नहीं करेगा।

**14.** पात्र बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत सबसे कम दर ही निविदा प्रदान करने का मानदंड होगी।

**15.** संस्थान को अनुबंध को अंतिम रूप देने से पूर्व बोलीकर्ताओं से प्रस्तावित दरों का स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार है।

**16.** ठेकेदार किसी भी उपकरण के असामान्य कामकाज या दोषपूर्ण संचालन की तत्काल सूचना पर्यवेक्षक (बी एण्ड आर) को देने के लिए जिम्मेदार होगा और कामाकज के बाधित होने/ व्यवधान से बचने के लिए समय पर कदम उठाएगा।

**17.** ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही/ गलती के कारण उपकरणों, मशीनरी या सिस्टम में हुई किसी भी तरह की क्षति के लिए ठेकेदार पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और उसे ऐसी क्षति को अपने जोखिम और लागत पर दुरुस्त कराना होगा।

**18.** संस्थान और ठेकेदार के मध्य किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति में कुलपति, एलएनआईपीई, ग्वालियर द्वारा मध्यस्थ की नियुक्ति की जाएगी और मामले को उस मध्यस्थ के पास भेजा जाएगा, जिसका निर्णय बाध्यकारी और अंतिम होगा।

**19.** निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से याचना (कैनवेसिंग) करना पूर्णतः प्रतिबंधित है और याचना का सहारा लेने वाले बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत निविदाएं अस्वीकृति की जा सकती हैं।

**20.** संस्थान और ठेकेदार के मध्य अनुबंध के कारण उठे किसी भी विवाद का निपटारा केवल ग्वालियर स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में ही होगा।

संलग्नक 'ए'

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(मानद सम विश्वविद्यालय)

**एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में कुल 02 लिफ्ट (कोन एवं जॉनसन) के वार्षिक रखरखाव एवं 01 लिफ्ट में बैटरी सहित ए. आर. डी. 7.5 हॉर्स पॉवर उपलब्ध कराने एवं लगाने के लिए तकनीकी बोली हेतु प्रपत्र**

| क्रमांक | विवरण | दस्तावेज़ संलग्न हैं अथवा नहीं | यहां जानकारी दें |
|---|---|---|---|
| 1 | बोलीकर्ता का नाम, पूरा पता, टेलीफोन नंबर, ई-मेल पता, वेबसाइट आदि | नहीं | |
| 2 | बोलीकर्ता की स्थिति, यथा - पब्लिक लिमिटेड/ प्राइवेट लिमिटेड/ भागीदारी या स्वामित्व फर्म (निगमन प्रमाण पत्र संलग्न करें) | हाँ | |
| 3 | ई. एम. डी. से छूट हेतु संलग्नक 'बी' में दिए गए प्रपत्र में बोली सुरक्षा घोषणापत्र | हाँ | |
| 4 | सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम (पंजीकरण के साथ अद्यतन जीएसटी रिटर्न की प्रति संलग्न करें) | हाँ | |
| 5 | आयकर अधिनियम (स्थायी खाता संख्या (पैन कार्ड) की प्रति संलग्न करें) | हाँ | |
| 6 | कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952, यदि लागू हो (अद्यतन ऑनलाइन ईसीआर के साथ ईपीएफ प्रेषण की प्रति संलग्न करें) | हाँ | |
| 7 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, यदि लागू हो | हाँ | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अद्यतन ईएसआई प्रेषण चालान की प्रति संलग्न करें) | | |
| **8** | 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए पिछले 3 वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार अनुमानित लागत का न्यूनतम 30% होना चाहिए<br>(निविदा के संलग्नक - सी में निर्धारित प्रारूप में किसी चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा जारी "कारोबार प्रमाण पत्र" के साथ इन तीन वर्षों की लेखापरीक्षित वार्षिक लेखा विवरणी और आयकर रिटर्न संलग्न करें) | हाँ | <u>वित्तीय वर्ष</u><br><u>कारोबार (रुपये में)</u><br><br>2017-2018<br>2018-2019<br>2019-2020 |
| **9** | किसी सरकारी या निजी संगठन/ सार्वजनिक उपक्रम/ शैक्षिक संस्थान में पिछले 07 वर्ष के दौरान (अगस्त 2021 तक) समान प्रकृति के कार्य यानि **'लिफ्ट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध'** को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का निम्नवत अनुभव :-<br>समान प्रकृति के ऐसे तीन कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत कुल अनुमानित लागत के 40% से कम न हो।<br>अथवा<br>समान प्रकृति के ऐसे दो कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत कुल अनुमानित लागत के 50% से कम न हो।<br>अथवा<br>समान प्रकृति का एक ऐसा कार्य, जिसकी लागत कुल अनुमानित लागत के 80% से कम न हो।<br>[उपर्युक्त कार्य आदेशों की प्रतिलिपि के साथ संबंधित ठेका पूर्णता प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न करें।] | हाँ | |
| **10** | रुपये 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पर इस आशय का शपथपत्र कि :<br>(ए) बोलीकर्ता कंपनी के कर्ताधर्ता/ फर्म/ भागीदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई | हाँ/ नहीं | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आपराधिक मामला लंबित नहीं है;<br>(बी) बोलीकर्ता ने पिछले तीन वर्षों के दौरान ई. पी. एफ., ई. एस. आई., जी. एस. टी., आयकर इत्यादि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई उल्लंघन नहीं किया है।<br>(सी) बोलीकर्ता को पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों/ शासकीय शैक्षणिक संस्थानों/ निजी संगठनों द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान बोली कर्ता का कोई भी ठेका, पूर्णता अवधि के पूर्व निरस्त नहीं किया गया है। | | |

**घोषणा**

1. मैं/ हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज़ में वर्णित प्रत्येक शर्त और दशा, कार्य के दायरे और वर्गीकरण को सावधानीपूर्वक पढ़ा और समझा है। मैं / हम उनके अनुपालन का वचन देते हैं।
2. मैं/ हम इस बात की पुष्टि करता/ते हूँ/हैं कि इस निविदा में दी गई सभी सूचनायें, मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं और इसमें कोई भी सूचना छिपाई नहीं गई है।
3. मैं/ हम यह सहमति देते हैं कि संस्थान की निविदा समिति और/ अथवा सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और मुझे/हमें स्वीकार्य होगा।

दिनांक :

स्थान :

बोलीकर्ता के हस्ताक्षर : ____________________

एजेंसी का नामः ____________________

पता और दूरभाष नं. : ____________________

मुहरः ____________________

<u>**संलग्नक 'बी'**</u>

**<u>एल. एन. आई. पी. ई ग्वालियर में निविदा दस्तावेज जमा करने के उद्देश्य हेतु</u>**

**<u>बयाना राशि जमा घोषणा के लिए वचन</u>**

**<u>(मूल प्रति में प्रस्तुत किया जाए)</u>**

जबकि हमने **'एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में कुल** 02 **लिफ्ट (कोन एवं जॉनसन) के वार्षिक रखरखाव एवं** 01 **लिफ्ट में बैटरी सहित ए. आर. डी.** 7.5 **हॉर्स पॉवर उपलब्ध कराने एवं लगाने'** के लिए बोली प्रस्तुत की है। अतः, हम बयाना जमा राशि के एवज में निम्नलिखित घोषणा प्रस्तुत करते हैं:

1. यहकि, यदि हम निविदा खुलने के बाद निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट निविदा की वैधता की अवधि (निविदा की विस्तारित वैधता सहित) के दौरान अपनी बोली वापस लेते हैं या संशोधित करते हैं, और

2. यहकि, यदि कार्य प्राप्त होने के बाद हम अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में विफल रहते हैं, या निविदा दस्तावेजों में निर्धारित समय सीमा से पहले प्रदर्शन सुरक्षा / प्रदर्शन गारंटी जमा करने में विफल रहते हैं,

तो, हमें एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया जाए और निलंबन आदेश जारी होने की तिथि से एल. एन. आई. पी. ई. में निविदाओं के लिए बोली लगाने के लिए पात्र नहीं होंगे।

ठेकेदार के हस्ताक्षर : ____________________

एजेंसी का नामः ____________________

पता और दूरभाष नं. : ____________________

मुहरः ____________________

**संलग्नक 'सी'**

**कारोबार प्रमाणपत्र**

**एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में निविदा दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए**

(मूलप्रति में प्रस्तुत किया जाना है)

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स ........................................................ का पिछले तीन वर्षों में कारोबार और अर्जित हानि/लाभ निम्नलिखित है :-

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक कारोबार (रुपये में) | कुल लाभ/हानि |
|---|---|---|
| 2017-18 | | |
| 2018-19 | | |
| 2019-20 | | |

उपरोक्त जानकारी/ आंकड़े हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और प्रामाणिक हैं और उक्त फर्म की बैलेंस शीट और/ या आयकर रिटर्न से प्राप्त हुए हैं।

दिनांक :

स्थान : चार्टर्ड एकाउंटेंट के हस्ताक्षर और मुहर

पंजीकरण संख्या ______________________

**बोलीकर्ता द्वारा घोषणा**

मैं/ हम एतद् द्वारा उपर्युक्त दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करते हैं और इन तीनों वित्तीय वर्षों की संलग्न बैलेंस शीटों और आयकर रिटर्न के आधार पर इसकी शुद्धता/ सत्यता का वचन देते हैं। मैं/ हम इस बात से अवगत हैं कि किसी भी गलत सूचना/ मनगढ़ंत दस्तावेज को प्रस्तुत करने से अनुबंध की अवधि के दौरान या किसी भी स्तर पर मेरी/ हमारी निविदा निरस्त हो जाएगी, साथ ही समुचित कानून के तहत अभियोजन हेतु उत्तरदायी होंगे।

दिनांक :

स्थान :

बोलीकर्ता के हस्ताक्षर : ______________________

एजेंसी का नाम, पता, दूरभाष नं. (मुहर सहित) : ______________________

संलग्नक 'डी'

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(मानद सम विश्वविद्यालय)

**एल. एन. आई. पी. ई., ग्वालियर में कुल 02 लिफ्ट (कोन एवं जॉनसन) के वार्षिक रखरखाव एवं 01 लिफ्ट में बैटरी सहित ए. आर. डी. 7.5 हॉर्स पॉवर उपलब्ध कराने एवं लगाने के लिए**

**मूल्य बोली प्रपत्र**

| कार्य का विवरण | मात्रा | दर प्रतिवर्ष | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| पुस्तकालय भवन लिफ्ट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (जॉनसन मेक) | 01 | | |
| प्रशासनिक भवन लिफ्ट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (कोन मेक) | 01 | | |
| प्रशासनिक भवन की कोन लिफ्ट में लगाना -<br>(अ) ए. आर. डी. 7.5 एच. पी. - (01)<br>(आ) बैटरी 12 वोल्ट 7 एएच - 04<br>(इ) कॉपर केबिल 4 कोर 6 वर्ग मिमी<br>(ई) तार 0.5 मिमी | 01 | | |
| **जी. एस. टी. सहित कुलयोग** | | | |

**घोषणा**

1. मैं/ हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज़ में वर्णित प्रत्येक शर्त और दशा, कार्य के दायरे और वर्गीकरण को सावधानीपूर्वक पढ़ा और समझा है। मैं / हम उनके अनुपालन का वचन देते हैं।
2. मैं/ हम इस बात की पुष्टि करता/ते हूँ/हैं कि इस निविदा में दी गई सभी सूचनायें, मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं और इसमें कोई भी सूचना छिपाई नहीं गई है।

3. मैं/ हम यह सहमति देते हैं कि संस्थान की निविदा समिति और/ अथवा सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और मुझे/हमें स्वीकार्य होगा।

दिनांक :

स्थान :

ठेकेदार के हस्ताक्षर : ______________________

एजेंसी का नामः ______________________

पता और दूरभाष नं. : ______________________

मुहरः ______________________